हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 22 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 42.9 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

### जेईई मेंस में आदित्य कुंडू की 391 रैंक



जेईई मेंस 2026 के नतीजों में रोहतक के होनहारों ने काबिलियत साबित की है। टिटोली गांव के आदित्य कुंडू ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 391 हासिल की। वहीं दीपांशु चाहल (99.73 परसेंटाइल), रितेश (99.57 परसेंटाइल) अंक हासिल किए। 11

### शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- उपायुक्त की अधिकारियों के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- एमडीयू में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम सुबह 10 बजे

## खबर संक्षेप

### युवक के साथ 58000 की ऑनलाइन ठगी

**महम।** महम में एक युवक से 58 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। गोयत पाना निवासी रितिक ने पुलिस को बताया कि पासपोर्ट के नाम पर उसे अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉलर ने एड्रेस अपडेट के बहाने दूसरे नंबर पर 2 रुपये भेजने को कहा। रकम भेजते ही उसका मोबाइल करीब 30 मिनट तक बंद हो गया। बाद में खाता चेक करने पर 58 हजार रुपये गायब मिले। पीड़ित के अनुसार कॉल करने वाले नंबर भी फोन से डिलीट हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### यूजी/पीजी की प्रैक्टिकल परीक्षाओं का शेड्यूल जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी ने यूजी/पीजी की प्रैक्टिकल परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि यूजी/पीजी की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 1 मई से 15 मई तक आयोजित की जाएंगी। प्रैक्टिकल परीक्षाओं की डेटशीट विवि वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### भूगोल विभाग आज मनाएगा पृथ्वी दिवस

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाएगा। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने बताया कि कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से विभाग में प्रारंभ होगा।

### 1.45 लाख की ठगी में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** व्हाट्सएप के जरिए नौकरी का झांसा देकर 1.45 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सेक्टर-36 निवासी हर्ष बल्हारा की शिकायत पर दर्ज मामले में आरोपियों ने मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने का लालच देकर फर्जी दस्तावेज भेजे और यूपीआई के माध्यम से रकम ऐंठ ली। जांच के दौरान पुलिस ने रियान और प्रभु शंकर को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया।

### संपत्तिकर के आ रहे गलत बिल, ठीक करवाने में हो रही मुश्किलें

# जी का जंजाल बन गई प्रॉपर्टी आईडी | दो लाख में सिर्फ 70000 ही वेरीफाई

**निगम कार्यालय में रोजाना उमड़ रही भीड़, समाधान नहीं होने से लोग मायूस**

**किसी की आईडी में नाम गलत, कहीं क्षेत्रफल में गड़बड़ी तो कहीं प्रॉपर्टी का रिकॉर्ड ही गलत दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अलग खबर

शहर में प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी समस्याएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार शहर में करीब दो लाख प्रॉपर्टी आईडी बनाई गई हैं, लेकिन इनमें से सवा लाख से ज्यादा आईडी अब तक वेरिफाइ ही नहीं हो पाई हैं। ऐसे में हजारों लोग रोजना अपनी प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए नगर निगम के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

निगम कार्यालय में रोजाना बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। किसी की आईडी में नाम गलत है, तो कहीं क्षेत्रफल में गड़बड़ी है। कई मामलों में प्रॉपर्टी का रिकॉर्ड ही गलत दर्ज है, जिससे लोगों को टैक्स जमा कराने और अन्य जरूरी कार्यों में परेशानी झेलनी पड़ रही है। अब पार्षदों ने भी वार्डों में दोबारा कैंप लगवाने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि आए दिन कोई न कोई व्यक्ति उनके पास प्रॉपर्टी आईडी की शिकायत लेकर पहुंचता है। लेकिन उचित समधान नहीं होने मायूस होकर लौटता है।



रोहतक। निगम में बनाए गए काउंटर पर प्रॉपर्टी आईडी ठीक कराने के लिए लगी भीड़। फोटो : हरिभूमि

#### ओरिजनल कागज लाएं

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि इस समस्या की एक बड़ी वजह यह है कि लोग अपने ओरिजनल दस्तावेज लेकर नहीं आते। अधिकारी बताते हैं कि बिना सही कागजात के आईडी में सुधार संभव नहीं है, जिसके कारण प्रक्रिया लंबी खिंच जाती है। कई बार एक ही व्यक्ति को बार-बार कार्यालय आना पड़ता है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। इसकी वजह से प्रॉपर्टी बेचने के बाद भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### नागपाल ने व्यवस्था पर सवाल उठाए

दूसरी ओर वार्ड 7 के पार्षद कपिल नागपाल ने भी इस व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि वार्ड स्तर पर दोबारा कैंप लगाए जाने चाहिए ताकि लोगों को राहत मिल सके। पार्षदों के अनुसार पहले भी कैंप लगाकर कई समस्याओं का समाधान किया गया था।

#### निगम कार्यालय में बनाया काउंटर

लोगों की सुविधा के लिए निगम कार्यालय में एक अलग काउंटर भी बनाया गया है, जहां सिर्फ प्रॉपर्टी आईडी से जुड़े मामलों की सुनवाई की जाती है। हालांकि, यहां भी भीड़ इतनी ज्यादा रहती है कि लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई लोग सुबह से लाइन में लग जाते हैं, लेकिन शाम तक काम नहीं हो पाता।

#### सिस्टम होना था आसान बन गया मुश्किल

शहरवासियों का कहना है कि डिजिटल सिस्टम लागू करने का उद्देश्य सरकारी प्रक्रियाओं को आसान और पारदर्शी बनाना था, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके उलट हो गई है। प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी गड़बड़ियों और तकनीकी खामियों के कारण लोग लगातार परेशान हो रहे हैं और समाधान के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, कैंपों की संख्या बढ़ाई जाए और कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है, जिससे नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठते रहेंगे।

#### पांच साल से त्रुटि ठीक करने का कार्य चल रहा

नगर निगम का दावा है कि पिछले करीब पांच साल से कर्मचारी लगातार प्रॉपर्टी आईडी को दुरुस्त करने का काम कर रहे हैं। इसके बावजूद इतनी बड़ी संख्या में आईडी का लंबित रहना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। कर्मचारियों का कहना है कि डेटा में पहले से मौजूद त्रुटियों और दस्तावेजों की कमी के कारण काम धीमा पड़ जाता है।निगम द्वारा दो बार वार्डों में कैंप भी लगवाए गए लेकिन लोगों ने कैंप में दिलचस्पी नहीं दिखाई।



रोहतक। आग से उठता धुआं। फोटो : हरिभूमि

# और कैफे में लग गई भीषण आग

**सिलेंडर फटा, लोगों ने भाग कर बचाई जान**

**दमकल की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

#### भीड़-भाड़ का एरिया

कैफे के आसपास एमआर कॉम्प्लेक्स, गैस एजेंसी, दुपहिया वाहन सर्विस सेंटर, लघु सचिवालय, कोर्ट और एक गर्ल्स कॉलेज भी स्थित हैं।

सोनीपत स्टैंड स्थित कैफे में मंगलवार शाम को भीषण आग लगने से हड़कम्प मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि रसोई में रखा गैस सिलेंडर धमाके के साथ फट गया। सिलेंडर का एक टुकड़ा पड़ौस के मकान में जाकर गिरा। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी और आसपास की कई दुकानों के शीशे टूट गए। रसोईए सहित यहां आए हुए ग्राहकों को भागकर जान बचानी पड़ी। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। दमकल केंद्र के कर्मचारियों ने तीन गाड़ियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जतिन ने यहां कैफे खोला हुआ है। घटना शाम के समय हुई जब कैफे की रसोई में खाना तैयार किया जा रहा था। इसी दौरान एक एक्सटेंशन बोर्ड में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे आग लग गई। आग लगते ही रसोइया तुरंत बाहर की ओर भागा और शोर मचाकर कैफे में मौजूद ग्राहकों को भी बाहर निकलने के लिए कहा। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और रसोई में रखा सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। लोग अपनी-अपनी दुकानों से बाहर निकल आए और स्थिति को संभालने की कोशिश करने लगे। कैफे के अंदर तीन भरे हुए सिलेंडर रखे हुए थे, जिनमें से एक में ब्लास्ट हुआ, जबकि बाकी दो सिलेंडरों को समय रहते फायर ब्रिगेड कर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। ये सिलेंडर भी फट जाते तो बड़ा हादसा हो सकता था। फायर ब्रिगेड ने दो घंटे बाद आग पर काबू पाया।

# विश्वविद्यालयों, कॉलेजों व स्कूलों के 15000 से ज्यादा छात्रों को अब निजी बसों में मुफ्त सफर

**स्टेज कैरिज स्कीम नियमों पर सख्ती, मुफ्त व रियायती पास धारकों को ले जाना जरूरी**

- नियम लागू करने के सख्त निर्देश, उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बड़ी राहत

हरियाणा सरकार के परिवहन आयुक्त कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा स्टेज कैरिज स्कीम 2016 के नियमों के पालन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में सभी क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरणों को निर्देश दिए गए हैं कि निजी बस संचालकों द्वारा नियमों की अनदेखी पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस निर्णय से रोहतक के चार विश्वविद्यालयों सहित अनेक कॉलेजों और स्कूलों में पढ़ने वाले 15 हजार से अधिक विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा, जो रोजाना अपने गांवों और आसपास के क्षेत्रों से बसों में सफर करते हैं। अब उन्हें बसों में यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और उनका आवागमन अधिक सुगम व सुरक्षित होगा। पत्र में बताया गया है कि विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि राज्य के निजी स्टेज कैरिज संचालक स्कीम 2016 के तहत निर्धारित शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं। विशेष रूप से, वे छात्रों और अन्य रियायती या मुफ्त पास धारकों को बसों में बैठाने से मना कर देते हैं, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि परमिट धारक बस संचालकों को छात्रों और रियायती या मुफ्त पास धारकों को उसी प्रकार बसों में यात्रा की सुविधा देनी होगी, जैसे हरियाणा रोडवेज द्वारा दी जाती है।




#### नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करवाना होगा

परिवहन विभाग ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। इस आदेश की प्रति राज्य के सभी निजी बस संचालकों को भी भेजी जा रही है। साथ ही यह भी कहा गया है कि वर्तमान में पात्र यात्रियों की सूची संलग्न है और इसके लिए किसी प्रकार की अतिरिक्त सब्सिडी देय नहीं होगी।

# पटाखों की चिंगारी से तिलियार के पास खाली प्लॉट में भड़की आग

- दमकल की तीन गाड़ियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



तिलियार के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक खाली प्लॉट में अचानक भीषण आग भड़क उठी। देखते ही देखते सूखी घास-फूस ने आग को तेजी से फैलाया और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरा प्लॉट धुएं और लपटों से घिर गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार, पास में एक शादी समारोह चल रहा था, जहां खुशी के माहौल में पटाखे जलाए जा रहे थे। इसी दौरान एक चिंगारी उड़कर पास के खाली प्लॉट में जा गिरी, जहां सूखी घास और कचरा पड़ा हुआ था। चिंगारी गिरते ही आग ने विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते पूरे प्लॉट को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। यदि समय रहते दमकल विभाग मौके पर नहीं पहुंचता, तो आग आसपास के रिहायशी इलाके तक भी फैल सकती थी। घटना के दौरान क्षेत्र में धुएं का गुबार छा गया, जिससे लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत हुई। कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और स्थिति पर नजर बनाए रखी। हालांकि, गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह हादसा एक बड़ी चेतावनी जरूर दे गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि खाली प्लॉट में लंबे समय से सूखी घास और कचरा जमा था, जिसकी सफाई नहीं कराई गई।

**बड़ा सवाल** आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस हर स्ट्रीम में करियर के नए विकल्प

### अभिभावकों की भूमिका अहम बच्चों पर न थोपें अपनी पसंद

# 10वीं के बाद कौन सी स्ट्रीम : अंक ही नहीं रुचि और समझदारी से चुनें अपनी राह

- गलत स्ट्रीम चयन से बढ़ता है तनाव और पढ़ाई से दूरी
- टेक्नोलॉजी और एआई का ज्ञान अब हर स्ट्रीम के लिए जरूरी

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

10वीं कक्षा के परिणाम आने के साथ ही छात्रों और अभिभावकों के सामने सबसे अहम सवाल खड़ा हो जाता है कि आगे कौन सी स्ट्रीम चुनी जाए? अक्सर यह निर्णय अंकों, सामाजिक दबाव या प्रचलित धारणाओं के आधार पर लिया जाता है, जबकि विशेषज्ञ मानते हैं कि यह तरीका सही नहीं है। हर छात्र की रुचि, क्षमता और सीखने की शैली अलग होती है, इसलिए एक ही पैमाना सभी पर लागू नहीं किया जा सकता। आज के बदलते दौर में करियर के विकल्प भी तेजी से बढ़े हैं, जहां आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस तीनों ही स्ट्रीम में बेहतर भविष्य की संभावनाएं मौजूद हैं। ऐसे में जरूरी है कि छात्र अपने मन की सुनें और अभिभावक भी उन पर अपनी पसंद थोपने के बजाय उन्हें सही मार्गदर्शन दें, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने करियर की मजबूत नींव रख सकें।



#### मार्क्स नहीं, मन की सुनें

राजनीतिक विज्ञान की शिक्षिका निधि सचदेवा का कहना है कि छात्रों को केवल 10वीं के अंकों के आधार पर स्ट्रीम का चयन नहीं करना चाहिए। कई बार अच्छे अंक होने के बावजूद छात्र विज्ञान के जटिल विषयों को समझ नहीं पाते और बाद में स्ट्रीम बदलने की नौबत आ जाती है। उनके अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में 12वीं के टॉपर्स में ह्यूमैनिटीज (आर्ट्स) के छात्रों की संख्या भी उल्लेखनीय रही है, केवल साइंस ही सफलता की गारंटी है।

#### कॉमर्स : करियर का मजबूत आधार



शिक्षिका विनिता बताती हैं कि कॉमर्स में सफल होने के लिए गणित में विशेषज्ञ होना जरूरी नहीं है। औसत गणित वाले छात्र भी इस क्षेत्र में अच्छा कर सकते हैं। कॉमर्स छात्रों के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए), कंपनी सेक्रेटरी (सीएस), अकाउंटिंग स्पेशलाइजेशन और बिजनेस इकोनॉमिक्स जैसे कई विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा यह स्ट्रीम छात्रों में उद्यमिता की समझ विकसित करती है।

#### आर्ट्स : बदलती सोच और नए अवसर

आज आर्ट्स स्ट्रीम केवल सिविल सेवा तक सीमित नहीं रह गई है। लॉ, पत्रकारिता, मनोविज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे क्षेत्रों में तेजी से अवसर बढ़े हैं। छात्र कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट जैसी परीक्षाओं के माध्यम से कानून के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। वहीं, बढ़ते मानसिक तनाव के दौर में साइकोलॉजी और काउंसलिंग जैसे पेशों की मांग तेजी से बढ़ रही है। समय में तकनीकी ज्ञान, खासकर कंप्यूटर और एआई की समझ, बेहद जरूरी हो गई है।

#### संतुलित निर्णय से ही सफलता

आज का समय बदल चुका है। अब सफलता के रास्ते केवल डॉक्टर या इंजीनियर बनने तक सीमित नहीं हैं। आर्ट्स, म्यूजिक, पेंटिंग, मीडिया और डिजिटल क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं हैं। इसलिए जरूरी है कि छात्र अपनी रुचि, क्षमता और भविष्य के लक्ष्यों को समझकर ही स्ट्रीम का चयन करें। सही निर्णय न केवल बेहतर करियर की दिशा तय करता है, बल्कि जीवन में संतुष्टि और सफलता भी सुनिश्चित करता है।

# रिठाल महिला हत्याकांड: परिजन बोले, सोची समझी साजिश के तहत जेठ ने की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के रिठाल गांव में एक सनसनीखेज हत्याकांड ने पूरे इलाके को दहला दिया है। लेडीज संगीत में डांस करने जैसी मामूली बात पर जेठ ने अपने ही छोटे भाई की पत्नी को इतनी बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया कि सुनने वालों की रूह कांप जाए। इस मामले में मंगलवार को जो खुलासे सामने आए हैं, उन्होंने आरोपी जसबीर की खौफनाक मानसिकता को उजागर कर दिया है। मृतक महिला प्रवेश के परिजनों ने जसबीर पर गंभरी आरोप लगाए है।

बता दें कि घटना 19 अप्रैल की रात की है, जब गांव में एक पड़ोसी के घर लेडीज संगीत का कार्यक्रम चल रहा था। मृतका प्रवेश वहां शामिल होने गई थी और अन्य महिलाओं के साथ डांस कर रही थी। लेकिन यही बात उसके जेठ जसबीर को नागवार गुजरी। जैसे ही प्रवेश घर लौटी, जसबीर ने उस पर दरांत से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले की क्रूरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शरीर के कई हिस्सों पर गहरे घाव मिले।



#### खंगाल रहे है आपराधिक रिकॉर्ड

आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। पहले की घटनाओं की भी जांच की जा रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

-सुरेंद्र कुमार, सदर थाना एसएचओ

#### बच्चों ने खौफनाक मंजर को देखा

परिजनों के अनुसार, घटना के समय घर में मौजूद बच्चों ने इस खौफनाक मंजर को देखा। मृतका के बेटे हितेश ने अपने मामा को फोन कर बताया कि उसकी मां खून से लथपथ जमीन पर पड़ी है और ताऊ जसबीर हमला कर फरार हो गया है। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### जसबीर का व्यवहार शुरू से ही असामान्य रहा

गांव के लोगों का कहना है कि जसबीर का व्यवहार शुरू से ही असामान्य रहा है। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा होना और हिंसक हो जाना उसकी आदत में शामिल था।

#### हत्या का केस दर्ज चार टीमें गठित

मृतका के भाई की शिकायत पर आरोपी जसबीर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की गई हैं।

थमी रफ्तार
जाम का जंजाल

डी-पार्क और मॉडल टाऊन में अतिक्रमण ने छीनी सड़कें, जाम ने छीना सुकून

# शहर के हार्ट में ट्रैफिक का 'अटैक'

## सड़कें बनीं पार्किंग, फुटपाथ गायब, ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरी

## एक होमगार्ड के भरोसे व्यवस्था, शाम होते ही हालात हो जाते हैं बेकाबू

- पार्किंग की कमी से सड़कों पर खड़े हो रहे वाहन
- मल्टीलेवल पार्किंग के बिना नहीं मिलेगी राहत, विशेषज्ञों ने दी चेतावनी

**एम्बुलेंस तक फंस रही जाम में, बढ़ रही लोगों की चिंता**







हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर का दिल कहे जाने वाले सबसे व्यस्त और पॉश इलाके डी-पार्क और मॉडल टाउन इन दिनों ट्रैफिक अव्यवस्था की गंभीर मार झेल रहे हैं। कभी सुकून और रौनक के प्रतीक रहे ये इलाके अब जाम के जंजाल में उलझते जा रहे हैं। पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण वाहन सड़कों पर ही खड़े किए जा रहे हैं, जिससे सड़कें संकरी हो गई हैं और आवागमन बाधित हो रहा है। इससे लगता है कि शहर के दिल को जाम ने जकड़कर 'हार्टअटैक' ला दिया है। स्थिति को और बिगाड़ रहा है बढ़ता अतिक्रमण, जिसने फुटपाथ और सड़कों के किनारों को भी निगल लिया है। सुबह-शाम यहां वाहनों की लंबी कतारें आम हो गई हैं और लोगों को रोजाना समय की भारी बर्बादी झेलनी पड़ रही है। हैरानी की बात यह है कि इतने संवेदनशील इलाकों में भी ट्रैफिक व्यवस्था महज एक होमगार्ड के भरोसे चल रही है। नतीजतन आमजन, व्यापारी और राहगीर सभी इस बदहाल व्यवस्था से परेशान हैं।

### अव्यवस्था का गढ़ बना डी पार्क

डी-पार्क, जो कभी युवाओं और परिवारों के लिए सुकून और मस्ती का केंद्र माना जाता था, अब अव्यवस्था का गढ़ बनता जा रहा है। यहां पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोग मजबूरी में अपनी गाड़ियां सड़कों के किनारे खड़ी कर देते हैं। धीरे-धीरे यह अस्थायी पार्किंग स्थायी समस्या बन चुकी है। सड़कें सिकुड़ गई हैं और दो तरफ खड़े वाहनों के बीच से निकलना किसी चुनौती से कम नहीं रहता।

### शाम होते-होते हालात खराब

शाम होते-होते हालात और बिगड़ जाते हैं। फूड स्टॉल्स, कैफे और बाजारों में बढ़ती भीड़ के साथ वाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ती है। ऐसे में जाम की स्थिति विकराल रूप ले लेती है। कई बार तो पैदल चलने वालों के लिए भी जगह नहीं बचती और लोग सड़क के बीचों-बीच चलने को मजबूर हो जाते हैं।

### व्यापार पर पड़ रहा बुरा असर

दुकानदारों की परेशानी भी कम नहीं है। उनका कहना है कि जाम के कारण ग्राहक आने से कतराने लगे हैं। "लोग फोन कर पूछते हैं कि पार्किंग मिलेगी या नहीं, और जब हम मना करते हैं तो वे आने का प्लान ही कैंसिल कर देते हैं," एक दुकानदार ने बताया। इससे उनके व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। वहीं आम लोग इस रोजमर्रा की परेशानी से परेशान होकर प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर करते नजर आते हैं। ऑफिस जाने वाले लोग अक्सर समय पर नहीं पहुंच पाते, स्कूल बसें देर से चलती हैं और कई बार एम्बुलेंस भी इस जाम में फंस जाती हैं, जो चिंता का विषय है।

### समस्या से निजात पाना मुश्किल

विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक इन इलाकों में पार्किंग की ठोस और दीर्घकालिक व्यवस्था नहीं की जाएगी, तब तक इस समस्या से निजात पाना मुश्किल है। मल्टीलेवल पार्किंग, स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट और सख्त चालान प्रणाली जैसे उपाय ही इस समस्या का स्थायी समाधान बन सकते हैं।

### मॉडल टाउन में पार्किंग छोटी

मॉडल टाउन की तस्वीर भी इससे अलग नहीं है। यहां एक पार्किंग जरूर मौजूद है, लेकिन वह बढ़ते वाहनों के दबाव के सामने बेहद छोटी साबित हो रही है। दिन के ज्यादातर समय यह पार्किंग फुल रहती है। इसके बाद वाहन चालकों के पास कोई विकल्प नहीं बचता और वे अपनी गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी कर देते हैं। नतीजा ट्रैफिक की रफ्तार थम जाती है और जाम लगना तय हो जाता है।

### समस्या को और गंभीर बना रहा अतिक्रमण

इस समस्या को और गंभीर बना रहा है अतिक्रमण। कई जगह दुकानदारों द्वारा फुटपाथ और सड़क के किनारों पर सामान रखकर जगह घेर ली जाती है। इससे सड़क और भी संकरी हो जाती है और वाहनों के लिए निकलना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के लिए कभी-कभार कार्रवाई जरूर होती है, लेकिन वह स्थायी समाधान साबित नहीं हो पाती।

### पुलिस चौकी होने के बाद भी हालत खराब

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इतने व्यस्त और संवेदनशील इलाकों में पुलिस चौकी होने के बावजूद ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त नहीं है। कई बार तो पूरे इलाके का ट्रैफिक सिर्फ एक होमगार्ड के भरोसे छोड़ दिया जाता है। ऐसे में अव्यवस्थित पार्किंग और बढ़ते वाहनों के बीच ट्रैफिक को नियंत्रित करना लगभग नामुमकिन हो जाता है।

## न्यूज डायरी



### डीसी ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छात्रों को एल्बेंडाजोल खिलाकर अभियान का किया शुभारंभ

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थानीय मॉडल टाउन स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम में बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जिला में लक्षित बच्चों व महिलाओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाना सुनिश्चित किया जाये। सचिन गुप्ता ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को कुपोषण से बचाने और उनके समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का विशेष महत्व है। इस अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली दी जाती है, जिससे वे कृमि संक्रमण से मुक्त होकर बेहतर पोषण प्राप्त कर सकें। उन्होंने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए हाथ धोने की आदत को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने पर जोर दिया।




**रोहतक।** कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य भीम सिंह पवार व अन्य स्टाफ।

### सैनी कॉलेज में व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**रोहतक।** युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के रोजगार निदेशालय के तत्वावधान में सैनी कॉलेज में व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर मंडल रोजगार अधिकारी राजेश सांगवान ने हरियाणा सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना तथा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि योजना के तहत निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं को नई भर्तियों पर प्रति कर्मचारी प्रतिमाह 3000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी, वहीं नए कर्मचारियों को भी 15000 रुपये तक का लाभ मिलेगा।

### इनेलो में संगठन का विस्तार, सुधीर मलिक लिगल सेल के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**रोहतक।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने संगठन में विस्तार करते हुए के सुधीर मलिक को लिगल सेल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। मीडिया प्रभारी



एडवोकेट कृष्ण कौशिक ने बताया कि लिगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष संदीप गोयत ने इनेलो सुप्रीमों चौधरी अभय सिंह चौटाला व प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा से विचार विमर्श कर सुधीर मलिक को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही उन्हें कार्यकारिणी घोषित करने का भी अधिकार दिया गया है। सुधीर मलिक ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वह पूरी ईमानदारी से उसका निर्वहन करेंगे। साथ ही ज्यादा से ज्यादा अधिवक्ताओं को भी पार्टी के साथ जोड़ा जाएगा।

### मौण खाप ने की पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ हुए पुलिस प्रकरण की निंदा

**महम।** मौण खाप ने हिसार में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, दिग्विजय चौटाला और विद्यार्थियों के साथ पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की निंदा की है। मौण खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलबीर भराण ने कहा है कि विद्यार्थियों की आवाज को दबाया जा रहा है। प्रदेश उपमुख्यमंत्री रह चुके दुष्यंत चौटाला के साथ पुलिस सुरक्षा के दौरान हिसार पुलिस इस तरह की मनमानी कर सकती है तो आम आदमी इनसे क्या उम्मीद कर सकता है। दुष्यंत और दिग्विजय दोनों हिसार के थाने में गिरफ्तारी देने जा रहे थे। सीआईए टीम के इंस्पेक्टर पवन कुमार ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। उन्होंने रास्ता रोका, हथियार दिखाया और धमकी दी। 27 अप्रैल को हिसार के क्रांतिमान पार्क में इस मुद्दे पर एक महापंचायत होगी।

### स्वच्छता जागरूकता अभियान से कूड़ा प्रबंधन एवं स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए छात्रों को किया प्रेरित

**रोहतक।** शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं कचरा-मुक्त बनाने के उद्देश्य से निगम द्वारा निरंतर स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। निगम की टीमें स्कूल, कालेजो, बाजारो एवं रिहायशी क्षेत्र में आमजन को स्वच्छता, सिंगल यूज प्लास्टिक न इस्तेमाल करने, गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग करने के लिए प्रेरित कर रही है। टीम द्वारा शहर में स्वामी नितानंद पब्लिक स्कूल तथा बाबा मस्त नाथ स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया गया। टीम द्वारा विद्यार्थियों को गीले एवं सूखे कूड़े का स्रोत पर ही पृथक्करण के महत्व को समझाते हुए बताया गया कि यदि घर से ही कूड़े को अलग-अलग किया जाए तो उसके निस्तारण एवं पुन उपयोग की प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनती है।



**रोहतक।** प्रसाद वितरण करते एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन व अन्य महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ने हनुमान मंदिर खरावड़ पर किया भंडारे का आयोजन

**रोहतक।** समाज सेवा एवं जनकल्याण के उद्देश्य से कार्यरत महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा हनुमान मंदिर, खरावर में भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस आयोजन का संयोजन वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र जैन के सुपुत्र दिव्यम जैन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, सिंगला फोर्जिंग के डायरेक्टर दीपक जैन तथा उद्योगपति राजेंद्र बंसल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजेश जैन ने कहा कि ट्रस्ट समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सराहनीय योगदान दे रहा है। दीपक जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "भूखे को अन्न और प्यासे को पानी देना सबसे बड़ी सेवा है।" वहीं उद्योगपति राजेंद्र बंसल ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जो अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी राजीव जैन, सुशील गुप्ता, देशराज बंसल, मुकेश गुप्ता, पंकज गर्ग, शंकर लाल गर्ग एवं विजय गोयल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

- भूखे को अन्न व प्यासे को पानी देना सबसे बड़ी सेवा

### वन सिटी में निगम का एक्शन, घरों के बाहर रैंप के साथ बने अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

- प्लेटफार्म पर सुबह व शाम महिलाएं व बुजुर्ग बैठकर करते थे बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वन सिटी क्षेत्र में नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए घरों के बाहर बने रैंप और उनके साथ तैयार किए गए अस्थायी प्लेटफॉर्म (बैठक स्थल) को जेसीबी की मदद से तोड़ दिया। निगम की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय निवासी व आरडब्लयूए महासचिव राजबीर सिंह ने बताया कि इन रैंप के साथ बने प्लेटफॉर्म पर महिलाएं और बुजुर्ग सुबह और शाम के समय बैठकर आपस में बातचीत करते थे। यह उनके लिए एक तरह का सामाजिक मिलन स्थल बन गया था।



**रोहतक।** वन सिटी में तोड़े गए घरों के बाहर बने रैंप।

लेकिन निगम की कार्रवाई के बाद अब यह सुविधा समाप्त हो गई है, जिससे खासकर बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निगम अधिकारियों का कहना है कि ये निर्माण अतिक्रमण की श्रेणी में आते थे और सड़क व सार्वजनिक स्थानों को बाधित कर रहे थे। इसी के चलते नियमानुसार कार्रवाई करते हुए इन्हें हटाया गया है।

### सीवर का एमडब्ल्यूएसएल तकनीक से किया जा रहा है सुदृढ़ीकरण : उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने हरियाणा विकास शहरी प्राधिकरण के सेक्टर 6 में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्तमान सीवर लाइन को सुदृढ़ करने के लिए 6.96 करोड़ रुपये की लागत से शुरू किये गए कार्य का निरीक्षण किया। इस सीवर लाइन को बिना उखाड़े एमडब्ल्यूएसएल अर्थात मशीन वाउंड स्पाइरल लाइनिंग तकनीक के माध्यम से मशीनों की मदद से पीवीसी पाइप डालकर मजबूत किया जा रहा है। यह पीवीसी 50 वर्ष तक सुरक्षित रहेगी। सचिन गुप्ता ने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थानीय आजादगढ़ के बाईपास से भाजपा के मंगल कमल कार्यालय तक लगभग 1400 मीटर सीवर लाइन का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इस कार्य पर लगभग 7 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी व सीवर सुदृढ़ीकरण के कार्य को मॉनसून सीजन से पहले पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस तकनीक के माध्यम से वर्तमान सीवर लाइन को उखाड़े बिना मशीनों की मदद से 600 एमएम की पीवीसी लाइन डाली जा रही है।

### 24वीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स प्रदेश के 100 एथलीट भाग लेंगे

**रोहतक।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 24वीं नेशनल जूनियर फेडरेशन चैंपियनशिप का 3 दिवसीय आयोजन 24 से 26 अप्रैल तक महात्मा गांधी स्टेडियम तुमकुर में किया जाएगा। इसमें प्रदेश से 100 खिलाड़ी भाग लेंगे। सत्यवीर धनखड फरीदाबाद मीडिया प्रभारी खेल और प्रदीप मलिक महासचिव एथलेटिक्स हरियाणा ने बताया कि नेशनल जूनियर चैंपियनशिप में लड़की वर्ग में आरजू, आरती, अंशु, दीपांशी,हरमन, कविता,कशिश, खुशी, मोनी, मुस्कान, पूजा, प्रिया,राखी, रिद्धी, रिद्धिमा, रितिका,शशि, श्रुति,तनू, योगिता, वंशिका, मुस्कान, पूजा, शशि,रतन बाला,गीतीका दहिया, गायत्री, कुलदीप कौर, नेहा सैनी,पायल, साक्षी लक्षिता शर्मा और महक श्योराण भाग ले रही है।

### एसएफआई ने सौंपा ज्ञापन कहा, एमडीयू की 22 एकड़ जमीन कोर्ट परिसर को न दें



**रोहतक।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय इकाई ने विश्वविद्यालय की 22 एकड़ जमीन जिला कोर्ट परिसर के लिए चिन्हित किए जाने के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को संगठन के पदाधिकारियों ने कुलपति प्रोफेसर मिलाप पूनिया से मुलाकात कर हरियाणा सरकार और जिला प्रशासन के इस निर्णय पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। इससे पूर्व, विवेकानंद लाइब्रेरी में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यूनिट अध्यक्ष और सचिव उज्ज्वल ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय की जमीन इसी तरह बांटी गई, तो भविष्य में विभागों के विस्तार, नई लैब और खेल के मैदानों के लिए जगह नहीं बचेगी।



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए नारेबाजी करते अग्निमशन कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### रिटायर्ड कर्मियों की अनदेखी पड़ेगी भारीः धनखड़

**रोहतक।** ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वैलफेयर एसोसिएशन ने रिटायर्ड कर्मचारियों, अधिकारियों की कुछ पड़ी लम्बित मांगों की अनदेखी करने पर सरकार की कड़े शब्दों में निन्दा की। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह धनखड़, महासचिव सत्यवान शास्त्री, वित सचिव प्रेम सिंह सैनी ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए प्रश्न किया कि रिटायर्ड कर्मी व अधिकारी अपने यौवन का बहुमूल्य समय सरकारी सेवा में पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से समर्पित करने के बावजूद जहां बीमारी की अवस्था में ठीक प्रकार से मैडिकल कैशलैस की सुविधा नहीं प्रदान की जा रही। न ही 65, 70, 75 वर्ष की आयु उपरान्त बैसिक पैंशन में वृद्धि की जा रही और विगत से चिकित्सा भत्ते में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं की गई।

**चुनाव** शर्तों को पूरा करने में प्रत्याशियों के छूट रहे पसीने, एक भी गलती से रद्द हो सकता है नामांकन

पहले दिन किसी प्रत्याशी ने नहीं दाखिल किया पर्चा

# नगरपालिका चुनाव : 60 उम्मीदवारों ने लिए नामांकन फार्म, कार्यालय में रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

दस मई को होने वाले नगरपालिका चुनाव की मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद, पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। हालांकि करीब 60 प्रत्याशियों ने प्रशासन से फार्म ले गए। निकाय चुनाव को लेकर बुधवार को नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है क्योंकि की 25 मई आखिरी तारीख है। चुनाव लड़ने के करीब 10 चेयरमैन पद और 16 वार्डों से करीब 60 पार्षद मैदान में आ सकते हैं। उम्मीदवारों ने पहले दिन फार्म लिए, वहीं अनापत्ति पत्र को लेने को लेकर दिनभर नप कार्यालय में भावी उम्मीदवारों की भीड़ लगी रही। चुनाव को लेकर सरकार की तरफ से लगाई गई शर्तों को पूरा करने में उम्मीदवारों के पसीने छूट रहे हैं। बैंक, बिजली निगम, नगर परिषद से अनापत्ति पत्र लेने के लिए लोग कार्यालय में पहुंच रहे हैं। एसडीएम अंकिता का कहना है कि चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। करीब 60 उम्मीदवार फार्म लेकर गए हैं। नामांकन दाखिल करने से पहले चुनाव को लेकर तय किए गए नियमों का पालन करते हुए उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल करें।

- 25 मई है नामांकन करने की अंतिम तिथि

### सांपला नगर पालिका आम चुनाव-2026 को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र संपन्न करावने के दृष्टिगत पर्यवेक्षक नियुक्त

जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सांपला नगर पालिका के आम चुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न करवाने के उद्देश्य से सामान्य, पुलिस एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। सचिन गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका के आम चुनाव के संदर्भ में नागरिक हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त देवेंद्र सिंह कल्याण के कार्यालय के दूरभाष संख्या 0172-2584904, आयोग के सचिव गौरव कुमार के कार्यालय 0172-2574810 व मोबाइल संख्या 70271-86060 तथा सहायक राज्य निर्वाचन आयुक्त अंजू अरोड़ा के कार्यालय के दूरभाष 0172-2584908, मोबाइल संख्या 77196-55345 तथा 95636-55190 पर संपर्क किया जा सकता है। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा यमुनानगर के अतिरिक्त उपायुक्त सह जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी नवीन कुमार आहूजा को सामान्य पर्यवेक्षक, सिरसा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फैसल खान को पुलिस पर्यवेक्षक तथा रोहतक के उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त हनीश गुप्ता को व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि आम चुनाव से संबंधित शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम सांपला के एसडीओ जोगेंद्र सिंह मोर (9354726617) को नोडल अधिकारी (शिकायतें) नियुक्त किया गया है।

### नपा प्रधान व पार्षद प्रत्याशियों के लिए खर्च की राशि निर्धारित

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका के सामान्य चुनाव में प्रधान व सदस्य पदों के लिए खर्च की राशि निर्धारित की गई है। प्रधान पद के लिए चुनाव खर्च की राशि 12 लाख 50 हजार रुपये, तथा सदस्य के लिए चुनाव खर्च की राशि 3 लाख रुपये निर्धारित की गई है। चुनाव लडने वाले सभी उम्मीदवारों को नामांकन पत्र जमा करवाने से लेकर परिणाम घोषित होने की तिथि तक प्रतिदिन चुनाव खर्च के व्यय का ब्यौरा रखना होगा।

### चुनाव प्रचार के बीच दस्तावेजों में उलझे दावेदार, प्रक्रिया सुस्त

**सांपला।** नगरपालिका चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होते ही राजनीतिक हलकों में हलचल तो तेज रही, लेकिन जमीनी स्तर पर पहला दिन सुस्त नजर आया। किसी भी दावेदार ने नामांकन दाखिल नहीं किया, जिससे चुनावी रणनीतियों को लेकर कयासों का दौर भी तेज हो गया है। प्रशासन की ओर से चेयरमैन पद के लिए एसडीएम को एआरओ (असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर) नियुक्त किया गया है, जबकि पार्षद पद के नामांकन की जिम्मेदारी महम शुगर मिल के एमडी को सौंपी गई है। चेयरमैन पद के इच्छुक उम्मीदवार एसडीएम कार्यालय, सांपला में अपने नामांकन दाखिल कर सकते हैं, वहीं पार्षद पद के लिए तहसीलदार कार्यालय को नामांकन केंद्र निर्धारित किया गया है। हालांकि मैदान में चुनाव प्रचार ने रफ्तार पकड़ ली है, लेकिन अधिकांश संभावित उम्मीदवार अभी भी जरूरी कागजी औपचारिकताओं और रणनीतिक समीकरणों में उलझे दिखाई दे रहे हैं।



**रोहतक।** मुख्यअतिथि प्रोफेसर दलजीत कुमार को सम्मानित करते प्राचार्या डॉ. सुनीता सांगवान व प्राथमिक विभाग के प्रभारी दिनेश सुतवाल। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय कन्या विद्यालय में डॉ. आंबेडकर जयंती पर हुआ विशेष सम्मान समारोह

**रोहतक।** राजकीय कन्या विद्यालय, बैंसी में डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव पर विशेष सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम में प्रोफेसर दलजीत कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि ने विद्यालय की मेधावी छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विद्यालय के कुशल संचालन के लिए प्राचार्या डॉ. सुनीता सांगवान और प्राथमिक विभाग के प्रभारी दिनेश सुतवाल को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने मुख्यातिथि को उनकी निस्वार्थ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

## चचेरे भाई के साथ बैठक की तैयारी, कहीं अटकते तो एक-दूसरे को समझाते थे

# जेईई मेंस में आदित्य कुंडू ने आल इंडिया में हासिल की 391 रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जेईई मेंस 2026 के नतीजों में एक बार फिर रोहतक के होनहारों ने अपनी काबिलियत साबित की है। आदित्य कुंडू ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 391 हासिल की। संस्थान के 7 छात्रों ने बेहतरीन स्कोर किया है। इनमें दीपांशु चाहल (99.73 परसेंटाइल), रितेश (99.57 परसेंटाइल) और परतीक (99.15 परसेंटाइल) अंक हासिल किए। आदित्य कुंडू निवासी गांव टिटोली ने बताया कि जेईई मेंस के लिए काफी मेहनत की थी, जिसके कारण सफलता भी मिली। जेईई मेंस में 99.98 प्रतिशत अंक हासिल किए, जिसके कारण परिवार में खुशी की लहर है।

आदित्य कुंडू ने बताया कि 10वीं कक्षा में 85 प्रतिशत अंक हासिल किए थे और तब तक आर्मी में जाने का सपना था। चचेरा भाई अमन कुंडू भी एनडीए पास कर चुका है और दोनों साथ बैठकर तैयारी करते थे। लेकिन एक दिन फोन में जेईई के बारे में देखा तो सोच बदल गई।

आदित्य के चचेरे भाई अमन कुंडू ने बताया कि आदित्य की सफलता के पीछे परिवार का बड़ा योगदान रहा है। अमन ने एनडीए की परीक्षा पास की है और आदित्य के साथ बैठकर ही पढ़ाई करता था। दोनों एक साथ प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने के लिए पढ़ते थे और कहीं पर अटकते तो एक दूसरे को समझाते थे।

### तरुण ने जेईई मेंस में 99.76 प्रतिशत अंक हासिल किए

जेईई मेंस में 99.76 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले रोहतक निवासी तरुण निझावन ने बताया कि शुरू से ही साइंस व गणित में रूचि थी। अपने दिमाग का भरपूर प्रयोग करना है। तरुण ने बताया कि कुछ नया रिसर्च करने की सोच थी, जिससे सोसाइटी में कोई चेंज आए। तरुण निझावन ने बताया कि एयर प्रदूषण कंट्रोल सिस्टम बनाने का सपना है, जिससे बढ़ते प्रदूषण को रोका जा सके। तरुण को 10वीं कक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए और आगे अब जेईई एडवांस की तैयारी कर रहे हैं। जेईई एडवांस में इससे बेहतर नंबर लाने का प्रयास करेंगे।

### जेईई मेंस में मॉडल स्कूल आंबेडकर के 15 विद्यार्थियों को मिली सफलता



रोहतक। जेईई मेंस 2025-26 के दूसरे चरण के परिणामों में मॉडल स्कूल अंबेडकर चौक के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक परसेंटाइल हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही पूरे विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का माहौल बन गया। कक्षा 12वीं के देवज्ञ ने 99.58 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके साथ ही गोपाल (99.12), प्रियांश मल्होत्रा (97.7), पुष्कल (97.1), और जय बत्रा (95.98) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अन्य सफल छात्रों में रोनित, शबद, दानिश, ईशु, रक्षित, ध्रुवज, निर्भय, गर्वित, अदिति दुआ और राघव शामिल हैं, जिन्होंने 90 परसेंटाइल का आंकड़ा पार कर अगले चरण के लिए अपनी जगह सुरक्षित की। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त रोहतक सचिन गुप्ता ने सफल विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए सफलता के गुर सिखाए और कड़ी मेहनत जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता और सचिव राजेश कुमार सहगल ने भी बच्चों की उपलब्धि की सराहना की। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने विद्यार्थियों का मुंह मीठा करवाकर उन्हें बधाई दी और कहा कि यह सफलता शिक्षकों और बच्चों के साझा समर्पण का परिणाम है। इस गौरवपूर्ण क्षण में डॉ. सुनील भारद्वाज, दीपिका भूटानी और गुरविंद्र मलिक सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

### आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल के 10 विद्यार्थी जेईई मेन में छाए

रोहतक। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक ने जेईई मेन सत्र-II 2026 के परिणामों में ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। विद्यालय के 10 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जेईई एडवांस 2026 के लिए क्वालिफाई कर संस्थान का नाम रोशन किया है।शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में ओजस (97.7), मनीत (97.35), कुणाल (95.85), वैभव धनखड़ (95.10), शुभम (95.06), युग (94.89), काजल (94.29), दक्ष (89.97), यश (86.24) और धीरज (83.12) परसेंटाइल शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भगवान यादव, निदेशक हंसराज यादव और प्राचार्या रेणु गुलिया ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल बताया। उन्होंने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या ने कहा कि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासित वातावरण ने इस सफलता की राह आसान की है।

# एचडी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने योगा प्रतियोगिता में लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बहु अकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल के लिए 19 अप्रैल का दिन गर्व और उल्लास से भरा रहा, जब विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने नवयुग शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल योगा प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में लगभग 40-50 विद्यालयों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, लेकिन एचडी पब्लिक स्कूल बहु अकबरपुर के विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास, अनुशासन और योग के प्रति समर्पण के बल पर 20 से अधिक पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने संतुलन, लचीलापन और एकाग्रता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। हर प्रस्तुति में उनके आत्मविश्वास और अभ्यास की झलक साफ दिखाई दी। कठिन आसनों को सहजता से करते हुए उन्होंने निर्णायकों को प्रभावित किया और विद्यालय का नाम रोशन किया। इस शानदार उपलब्धि में अलिना ने 2 रजत पदक जीतकर विशेष पहचान बनाई। दिव्यांशी ने 1 रजत और 1 कांस्य पदक अपने नाम किया, जबकि सोनाक्षी ने भी 2 रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

गुंजन और मानवी ने 1-1 रजत पदक हासिल कर विद्यालय की झोली में सफलता जोड़ी। वहीं, रिया, यशमिता, भाविका, सरिका और कृतिका ने 1-1 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, जबकि श्रुति ने 2 कांस्य पदक हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया। इन सभी विद्यार्थियों ने यह साबित किया कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के साथ किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इसके अलावा आर्यन, लक्ष्य, छवि, छाया और अवि ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने आत्मविश्वास और जज़्बे का परिचय दिया। भले ही वे पदक न जीत पाए, लेकिन उनके प्रयास और समर्पण ने सभी का दिल जीत लिया और टीम की सामूहिक सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस सफलता के पीछे विद्यार्थियों के योग कोच का विशेष मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास की अहम भूमिका रही। नियमित प्रशिक्षण, सही तकनीक और अनुशासन ने विद्यार्थियों को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।

### सफलता केवल पदकों तक सीमित नहीं

विद्यालय के डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह फौगाट, अकादमिक डायरेक्टर कृष्णा फौगाट और प्राचार्य दुलाल देव ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता केवल पदकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के अनुशासन, समर्पण और स्वस्थ जीवनशैली का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन और एकाग्रता को भी मजबूत करता है।

## अधूरे डिवाइडर से रोज हो रहे हादसे प्रशासन और सीएम को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गोहाना अड्डा पर मनमाने ढंग से लगाए गए डिवाइडर की वजह से रोजाना हादसे हो रहे हैं। इसकी वजह से राहगीर और स्थानीय दुकानदार बहुत परेशान हैं। कई साल पहले लगाए गए डिवाइडर की वजह से सैकड़ों लोग हादसों का शिकार बन चुके हैं। अब तंग आकर वार्ड 7 के पार्षद कपिल नागपाल ने सीएम नायब सिंह सैनी सहित जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता और निगम को ज्ञापन भेजा है। उनका कहना है कि या तो पूरे क्षेत्र में सही ढंग से डिवाइडर लगवाए जाएं या फिर इन्हें हटाया जाए। पार्षद कपिल नागपाल ने बताया कि पिछले कार्यकाल के दौरान गोहाना अड्डा पप्पू हलवाई चौक से छोटा गोहाना अड्डा योगा आश्रम चौक तक पथरों के डिवाइडर रखे गए थे। जो डिवाइडर आधे अधूरे रखे गए थे, उनकी वजह से पिछले कई वर्षों से डिवाइडर से गाड़िया टकरा रही हैं। लोग रोजाना अंधेरा होते ही हादसे का शिकार हो रहे है। राहगीरों की मदद से यहां घायलों को अस्पताल तक पहुंचाया जाता है। इसके बावजूद इस गंभीर विषय से अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से और जवाबदेही दोनों से भागते नजर आ रहे है। इंजीनियरिंग ब्रांच के अधिकारी एलओ ब्रांच पर बात डाल देते हैं और एलओ ब्रांच के अधिकारी इंजीनियरिंग ब्रांच पर बात डाल देते हैं।



## शिमला में लगे प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए भारत स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना के छात्रों ने भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में शिमला की सुरम्य पहाड़ियों में स्थित तारा देवी ट्रेनिंग कैंप में आयोजित तीन दिवसीय साहसिक एवं प्रशिक्षण शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने शिमला के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। ट्रेनिंग कैंप प्रतिकूल परिस्थितियों में आत्मरक्षा, अनुशासन और स्वावलंबन के महत्वपूर्ण गुर भी सीखे।

विद्यालय के स्काउट मास्टर और मुख्य निरीक्षक मनीष सर के कुशल नेतृत्व में छात्रों को पर्वतारोहण की बारीकियों से अवगत कराया गया।

## जगन्नाथ आश्रम के गेट पर मिली बच्ची को मिला नया परिवार

■ डीसीपीओ की उपस्थिति में पूरी की कानूनी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मानवता को गौरवान्वित करने वाली एक सुखद खबर सामने आई है। 28 सितंबर 2025 की रात करीब 10 बजे, चौ० लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम के गेट पर छोड़ी गई ढाई वर्षीय मासूम शिवानी को अब माता-पिता का प्यार और सुरक्षित भविष्य मिल गया है। बता दें कि उस रात बच्ची की मां उसे अकेला छोड़ गई थी। रोती हुई बच्ची को देख राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद बाल कल्याण समिति के चेयरमैन सतीश कौशिक के निर्देश पर उसे दत्तक ग्रहण एजेंसी में प्रवेश दिलाया गया। मंगलवार को डी.सी.पी.ओ. व पूनम की उपस्थिति में प्री-अडोप्शन की कानूनी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

शिवानी को गोद लेने वाले पिता भारतीय सेना में उच्च पद पर कार्यरत हैं। इस खुशी के मौके पर मंत्री युवराज सिंह, राजरूप राठी, सुभाष सांगवान, रविन्द्र सिंह, हवासिंह राठी, कुलदीप सिंधु और मैनेजर संदीप ने नए माता-पिता को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



## राष्ट्रीय-कृमि मुक्ति दिवस मनाया

रोहतक। पीजीआईएमएस के कम्युनिटी मेडिसन विभाग ने अर्बन एरीया के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों और आंगनबाड़ियों में राष्ट्रीय कृमी मुक्ति दिवस मनाया गया। जिसका शुभारम्भ विभागाध्यक्ष डा. नीलम कुमार ने काठमंडी स्थित जीडी पब्लिक स्कूल से रिबन काट कर किया। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अनुज जांगड़ा ने बच्चों तथा अध्यायकगण को बताया कि भारत सरकार द्वारा बच्चों के स्वास्थय को सुधारने के लिए मनाया जाने वाला एक विशेष अभियान है, यह मुख्य रूप से पेट के कीड़ों को खत्म करने के लिए आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में उनके एरिया में सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी के बच्चों को कृमि नासक दवा अल्बंदजोल दवा बच्चों को मुफ्त दी जा रही है। इस अवसर पर डॉ मनोज सैनी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य तथा एनीमिया बच्चों के स्वास्न्य, पोषण और विकास में सुधार करना तथा (खून की कमी) से बचाना है। कार्यक्रम में कृमि संक्रमण के लक्षण जैसे पेट दर्द, कमजोरी, उल्टी और वजन न बदना आदि -आदि शामिल हैं।ब्लाक एजुकेटर सत्यवान बल्हारा ने कृमि संक्रमण से बचाव के बारे में कुछ से जानकारी दी।

## ऑनलाइन नहीं किया जा रहा गांव भैणी चंद्रपाल का जमीनी रिकॉर्ड, कार्य अटके

महम। महम उपमंडल के भैणी चंद्रपाल गांव में चकबंदी विभाग द्वारा 2 मई 2023 को किलाबंदी का कार्य शुरू किया गया था। कुछ महीने में ही इस गांव की किलाबंदी का काम विभाग द्वारा निपटा दिया गया था। उसके बाद इस गांव का जमीनी रिकॉर्ड तैयार किया गया। भू स्वामियों से दावे और आपत्तियां मांगे गए। एक साल से भी अधिक समय से जमीन का लेखा जोखा तैयार किया जा चुका है। लेकिन उसको ऑन लाइन नहीं जा रहा। भैणीचंद्रपाल गांव निवासी हरियाणा पुलिस के सेवानिवृत अधिकारी नरेंद्र सिंह ग्रेवाल और महम बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता दल सिंह सिवाच ने बताया कि अपना जमीनी रिकॉर्ड देखने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों से संपर्क करते हैं, तो वे यह कहकर रिकॉर्ड देने या दिखाने से इंकार कर देते हैं कि अभी इस गांव का जमीनी रिकॉर्ड ऑन लाइन नहीं हो पाया है। महम के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, भैणीचंद्रपाल गांव के पटवारियों और संबंधित कानूनगो से जब फर्द लेने के बारे में पूछताछ की जाती है, तो वे यही रटा रटाया जवाब देते हैं कि रिकॉर्ड को ऑन लाइन कर रहे हैं। पिछले एक साल से भी ज्यादा समय बीत गया है, लेकिन जमीनी रिकॉर्ड ऑन लाइन नहीं किया जा सका है। कोई भी व्यक्ति तहसील कार्यालय में जाकर अधिकारियों से यह पूछता है कि अब इसमें कितना समय और लगेगा, तो हर बार यही कहा जाता है कि केवल दस दिन और लगेंगे। जमीन का रिकॉर्ड न मिलने की वजह से इस गांव के किसानों के काम अटके हुए हैं।



नरेन्द्र सिंह



दल सिंह

## आईटीआई फरमाणा में नशा मुक्ति टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा फरमाणा स्थित आईटीआई में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, नशे के दुष्प्रभाव और यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक अमर और उपनिरीक्षक मोहन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के खतरनाक प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि आज के समय में नशे की समस्या तेजी से बढ़ रही है, खासकर 40 वर्ष से कम आयु के युवाओं में इसका प्रभाव अधिक देखा जा रहा है। युवा वर्ग नशीली दवाइयों, ड्रग्स और अन्य मादक पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहा है, जिससे उनकी सेहत और भविष्य दोनों पर गंभीर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को अंदर से खोखला बना देता है और उसे मानसिक, शारीरिक व आर्थिक रूप से कमजोर करता है। इतना ही नहीं, नशा कई बार व्यक्ति को अपराध की ओर भी धकेल देता है। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार, दोस्तों व आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

## सिविल सर्वेंट्स को बनना होगा अधिक पारदर्शी और जन-केंद्रित: ब्रह्मप्रकाश

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग द्वारा सिविल सेवा दिवस के अवसर पर रीडिफाइनिंग रोल ऑफ सिविल सर्वेंट्स इन मॉडर्न डेमोक्रेसी विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर निगम रेवाड़ी के आयुक्त ब्रह्मप्रकाश ने कहा कि आज के दौर में सिविल सेवकों की भूमिका केवल प्रशासन तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि उन्हें अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित बनना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए सिविल सेवाओं में आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बदलते समय में प्रशासनिक ढांचे को भी नए दृष्टिकोण के साथ कार्य करना होगा। प्रो. एसएस चाहर ने आभार जताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी पूजा गोयल ने प्रभावशाली ढंग से किया।





## एमडीयू के लॉ छात्रों का हाईकोर्ट दौरा, कोर्ट प्रक्रिया को करीब से समझा

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग के बीए एलएलबी और एलएलबी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के दल ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की शैक्षणिक विजिट की। विधि विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू देहमिवाल ने छात्रों के इस दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कानून की पढ़ाई को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ना बेहद जरूरी है। कोर्ट विजिट से छात्रों को वास्तविक कानूनी प्रक्रियाओं को समझने का अवसर मिलता है, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। इस शैक्षणिक भ्रमण में डॉ. अंजलि वर्मा, डॉ. परविंदर सोलंकी, डॉ. ऋषभ यादव, सुमित कुमार और ललित कुमार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की कार्यप्रणाली, बहस की शैली और न्यायिक प्रक्रिया को नजदीक से समझा। विद्यार्थी न्यायालयीन अनुशासन, वकालत की बारीकियों और पेशेवर आचरण से परिचित हुए।




राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस | पत्रकारिता विभाग में संवाद कार्यक्रम

# जनसंपर्क को जन सरोकार के साथ जोड़ें तभी होगा राष्ट्र निर्माण : सुनित मुखर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। विद्यार्थियों के साथ पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक सुनित मुखर्जी।

जनसंपर्क को केवल सूचना प्रसार तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे जन सरोकारों से जोड़कर समाज के कल्याण का माध्यम बनाना होगा। यह विचार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने कही। वे अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय (जाट कॉलेज) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि जनसंपर्क एक रणनीतिक संचार प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से सामाजिक सरोकार, सामुदायिक उत्थान, जन कल्याण और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सकता है। पर्यावरणीय जागरूकता, सामाजिक समरसता, लैंगिक संवेदनशीलता और युवाओं की सकारात्मक भागीदारी जैसे मुद्दों को जनसंपर्क से जोड़ने का आह्वान भी उन्होंने किया। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए सुनित मुखर्जी ने महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस और सर छोटू राम के विचारों का उल्लेख किया और जनसंपर्क के वास्तविक उद्देश्य को समझने पर बल दिया। करियर संभावनाओं पर बात करते हुए उन्होंने फोर पी का मंत्र दिया- पैशन फॉर पीआर, परपजफुल कम्युनिकेशन, पर्सिस्टेंट एफर्ट्स और परसुएसिव टच। साथ ही विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और व्यवहार अपनाने की सलाह दी। अपने ओजस्वी कविता पाठ के साथ उन्होंने व्याख्यान का समापन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ. जसमेर हुड्डा ने की। उन्होंने राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को विचार कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया।



## जगह-जगह गंदगी फैलाने वालों पर निगम का शिकंजा

# होटल और रेस्टोरेंट को दो दिन में बताना होगा कहां डाल रहे कूड़ा

**खुद कचरा निस्तारण करने में सक्षम नहीं, तो निगम से करें एग्रीमेंट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम द्वारा शहर में कचरा प्रबंधन प्रणाली को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत बल्क वेस्ट जनरेटर जैसे होटल, अस्पताल, बैंक्वेट हॉल, रेस्टोरेंट, स्कूल, कॉलेज व बड़े संस्थानों को अपने स्तर पर कचरा निस्तारण करना होगा या किसी अधिकृत एजेंसी से यह कार्य करवाना होगा। उन्हें अब 24 अप्रैल तक बताना होगा की वह कूड़े को कहां डाल रहे है। कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण हेतु नगर निगम द्वारा 1155 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार कचरे का प्रोसेसिंग कार्य किया जाएगा। यदि कोई संस्थान स्वयं कचरा निस्तारण करने में सक्षम नहीं है, तो वह नगर निगम के साथ विधिवत एग्रीमेंट कर इस सुविधा का लाभ ले सकता है। निगम द्वारा कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए 1155 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर निर्धारित की गई है। संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर 6 बल्क वेस्ट जनरेटर्स को निर्देश दिए गए कि वे 24 अप्रैल 2026 तक निगम के साथ अनुबंध करें या अपने स्तर पर लगाए गए कचरा निस्तारण प्लांट की जानकारी उपलब्ध कराएं। समय सीमा के बाद नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*कचरा वाहनों पर जीपीएस व वेट सिस्टम होगा लागू*

*निगम ने 1155 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर निर्धारित की*


रोहतक। मीटिंग लेते संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी। फोटो :हरिभूमि

### डंपिंग पर 50 हजार लगेगा जुर्माना

निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यदि कोई वाहन या संस्था कचरे को अवैध रूप से इधर-उधर डंप करते हुए पाई गई, तो उस पर 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पीजीआईएमएस रोहतक ने सबसे पहले निगम के साथ कचरा निस्तारण का एग्रीमेंट कर सकारात्मक पहल की है, जो अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणादायक है।

### पीजीआई ने कूड़ा निस्तारण का किया एग्रीमेंट

*पीजीआईएमएस ने सबसे पहले नगर निगम के साथ कूड़ा निस्तारण हेतु एग्रीमेंट कर एक सकारात्मक पहल की है, जो अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है। इस कदम से न केवल वैज्ञानिक तरीके से कचरे के निस्तारण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था भी मजबूत होगी। नगर निगम द्वारा शहर के अनेक बल्क वेस्ट जनरेटर्स को चिन्हित कर उन्हें नोटिस जारी किए जा चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सभी चिन्हित संस्थानों को नियमों के दायरे में लाकर कचरा प्रबंधन व्यवस्था को पूरी तरह सुव्यवस्थित और प्रभावी बना दिया जाएगा।*

### हेल्पलाइन नंबर भी होगा जारी

पारदर्शिता बढ़ाने के लिए निगम ने यह भी अनिवार्य किया है कि बल्क वेस्ट जनरेटर से कचरा उठाने वाले सभी वाहनों पर जीपीएस और वजन मापने की प्रणाली लगाई जाएगी, ताकि कचरे की मात्रा और उसके निस्तारण की सही निगरानी हो सके। इसके अलावा, नगर निगम जल्द ही एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी करेगा, जिससे संस्थान अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगे। निगम आयुक्त ने सभी बल्क वेस्ट जनरेटर्स से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा में नियमों का पालन करें और शहर को स्वच्छ व पर्यावरण अनुकूल बनाने में सहयोग दें।

### बल्क वेस्ट निस्तारण नियम

बल्क वेस्ट जेनरेटर जैसे होटल, अस्पताल, बैंक्वेट हॉल, रेस्टोरेंट, स्कूल, कॉलेज व बड़े संस्थानों को अपने स्तर पर कचरा निस्तारण करना होगा या किसी अधिकृत एजेंसी से यह कार्य करवाना होगा। कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण हेतु नगर निगम द्वारा 1155 रूपये प्रति मीट्रिक टन की दर निर्धारित की गई है।

*-सचिन गुप्ता, आयुक्त, नगर निगम*



**याद बहुत आते हैं वो दिन...**

# बाबूजी लाठी लेकर पीछे दौड़े तो बन गया फौजी

**वीरेंद्र कुमार का कहना है कि मेरी सफलता के पीछे पिता की सख्ती, अनुशासन और देसी ट्रेनिंग की कहानी छिपी है, जिसने गांव के साधारण माहौल में मजबूत बनाकर फौज तक पहुंचाया।**

अगर उस समय पिताजी पीछे लाठी लेकर नहीं दौड़ते, तो शायद मैं आज यहां तक नहीं पहुंच पाता। यह कहना है वीरेंद्र कुमार का, जो आज फौज से रिटायर होकर सम्मान के साथ पेंशन ले रहे हैं, लेकिन उनकी इस सफलता के पीछे सिर्फ उनकी मेहनत नहीं, बल्कि पिता की सख्ती, अनुशासन और अनोखी ट्रेनिंग की कहानी छिपी है। वीरेंद्र बताते हैं कि फौज में भर्ती होने का सपना उनका था, लेकिन उसे हकीकत बनाने की जिम्मेदारी पिता ने अपने कंधों पर उठा ली। साधारण माहौल में पले-बढ़े न कोई आधुनिक जिम था और न ही कोई प्रोफेशनल ट्रेनर। लेकिन पिता ने इन सबकी कमी कभी महसूस नहीं होने दी। सूरज निकलने से पहले ही दौड़ने के लिए तैयार होना पड़ता था। खास बात यह थी कि पिता खुद पीछे लाठी लेकर दौड़ते थे। थकान या सुस्ती दिखाने का कोई मौका नहीं मिलता था। अगर कदम धीमे पड़ते, तो पीछे से आवाज आती और तेज भाग! यह सख्ती कभी-कभी उन्हें भारी लगती, लेकिन आज वही पल उनकी सबसे बड़ी ताकत बन चुके हैं।


वीरेंद्र कुमार



### घर पर ही देसी जिम शुरू किया

दौड़ के बाद घर पर ही "देशी जिम" शुरू हो जाता था। कभी ईंट उठवाना, कभी खेत में काम करवाना, तो कभी खुद के वजन से एक्सरसाइज कराना यह सब रोजमर्रा की ट्रेनिंग का हिस्सा था। उस समय यह सब एक कठिन परीक्षा जैसा लगता था, लेकिन धीरे-धीरे यही उनकी आदत बन गई। वीरेंद्र बताते हैं कि जब फौज में भर्ती के लिए गए, तो उन्हें बाकी युवाओं की तरह संघर्ष नहीं करना पड़ा। जहां दूसरे उम्मीदवार तैयारी में हांफते नजर आते थे, वहीं उनके लिए यह सब पहले से किया हुआ अभ्यास था। शारीरिक परीक्षा हो या दौड़ हर चरण उन्होंने आत्मविश्वास के साथ पार किया। अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाया और देश सेवा का सपना पूरा किया। अब रिटायरमेंट के बाद जब वह घर पर बैठकर पेंशन लेते हैं, तो यह हर महीने पिता की याद दिलाती है।

### काश! पहले परिवार के साथ बिता पाता समय

अध्यापक से रिटायर होने के बाद जहां कई लोग खालीपन महसूस करते हैं, वहीं प्रवीण कुमार के लिए यह जीवन का सबसे सुकून भरा दौर बन गया है। वह बताते हैं कि अब उनकी दिनचर्या पूरी तरह परिवार, खासकर अपने पौतों के इर्द-गिर्द घूमती है और इसी में उन्हें सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। प्रवीण कुमार कहते हैं कि नौकरी के दौरान परिवार को उतना समय नहीं दे पाए, लेकिन अब वह उस कमी को पूरा कर रहे हैं। सुबह की शुरुआत पौतों के साथ खेलते-कूदते होती है, तो दिनभर उनके साथ हंसी-मजाक और छोटी-छोटी शरारतों में समय गुजर जाता है। वह मुस्कुराते हुए बताते हैं, "अब जिंदगी की असली मस्ती समझ आ रही है। पौतों के साथ वक्त बिताकर मन पूरी तरह खुश हो जाता है। प्रवीण कुमार का मानना है कि रिटायरमेंट अंत नहीं, बल्कि जिंदगी का नया और खूबसूरत अध्याय होता है। परिवार के साथ बिताया गया समय ही असली संपत्ति है, और वही अब उनकी जिंदगी को खुशहाल बना रहा है।



### सरकारी नौकरी के पीछे जीवन के कई साल संघर्ष में बिता दिए

शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त होने के बाद जहां अधिकांश लोग शांत और आरामदायक जीवन बिताना पसंद करते हैं, वहीं एक पूर्व शिक्षक ने अपनी पेंशन को समाज सेवा का माध्यम बनाकर एक अलग मिसाल पेश की है। उनका मानना है कि जीवन केवल अपने लिए जीने का नाम नहीं, बल्कि समाज को लौटाने की जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। वे बताते हैं कि सरकारी नौकरी पाने के लिए उन्होंने अपने जीवन के कई साल कड़ी मेहनत और संघर्ष में बिताए। नौकरी के दौरान परिवार और कार्य की जिम्मेदारियों के कारण समाज सेवा के लिए ज्यादा समय नहीं निकाल पाए, लेकिन मन में हमेशा यह इच्छा बनी रही कि एक दिन वह जरूरतमंद लोगों के लिए कुछ ठोस करेंगे। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने अपने इसी संकल्प को जीवन का उद्देश्य बना लिया। अब उनका अधिकांश समय समाज सेवा में बीतता है। हर महीने मिलने वाली पेंशन का एक हिस्सा वे गरीब और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए अलग रखते हैं। किसी जरूरतमंद बच्चे की पढ़ाई का खर्च उठाना, किसी बीमार व्यक्ति के लिए दवाइयों की व्यवस्था करना या फिर किसी परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना वे हर संभव तरीके से मदद करने की कोशिश करते हैं।



### जिले में अब तक 206656.30 एमटी गेहूं और 2038.80 एमटी सरसों की हुई खरीद

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिला के किसानों का आह्वान किया है कि वे गेहूं व सरसों की फसल को सुखाकर एवं साफ करके मंडियों में लाएं। किसान फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें ताकि पर्यावरण संरक्षित रहे तथा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी बढ़ सके। अब तक जिला की मंडियों व खरीद केंद्रों में 206656.30 मीट्रिक टन गेहूं एवं 2038.80 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। सरकार द्वारा सरसों के लिए 6200 रुपए प्रति क्विंटल तथा गेहूं के लिए 2585 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। अब तक जिला की मंडियों व खरीद केंद्रों में 43874 गेट पास जारी किये गए है।सचिन गुप्ता ने बताया कि गत सोमवार तक जिला की मंडियों में 206656.30 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है तथा अब तक 69010.50 मीट्रिक टन का उठान किया जा चुका है। जिला की कलानौर मंडी में 10823.60 मीट्रिक टन, काहनौर में 690 मीट्रिक टन, कलानौर साइलो द्वारा 1390 मीट्रिक टन, किलोई मंडी 18361.40 मीट्रिक टन, लाखनमाजरा मंडी में 11136.20 मीट्रिक टन, मदीना मंडी में 11512.80 मीट्रिक टन, महम मंडी 43176.80 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 68133.50 मीट्रिक टन, सांपला मंडी में 27270.50 मीट्रिक टन गेहूं, सांघी मंडी में 8111.20 मीट्रिक टन तथा फरमाणा खास में 6050.30 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई है।





### राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में दीक्षांत समारोह

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा के प्रांगण में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन प्राचार्या इंदु सपरा के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सुनीधि प्राचार्य एवं जिला उच्च शिक्षा अधिकारी (सेवानिवृत्त), फरीदाबाद रहीं। मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। डॉ नीलम ने इस कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक संचालन किया । मुख्य अतिथि के स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात प्राचार्या द्वारा 'वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2025-26' के माध्यम से महाविद्यालय की वर्षभर की उपलब्धियों को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा व्यक्तित्व का निर्माण करती है, जबकि डिग्री उसका केवल परिणाम है। स्वामी विवेकानंद को उद्धृत करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को डिग्री के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को विकसित करने पर बल दिया।

# अग्निशमन कर्मियों के समर्थन में उतरे निगमकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम के कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के समर्थन में काले बिल्ले लगाए और काले झंडे लेकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों में गहरी नाराजगी देखने को मिली। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई रोहतक के प्रधान शंभू टॉक ने की, जबकि सचिव राकेश चावरिया और कोषाध्यक्ष राजपाल टॉक भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। जिला स्तर से कोषाध्यक्ष रवि चढ़ा ने भी प्रदर्शन में भाग लिया। विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी इस विरोध में हिस्सा लिया, जिनमें सर्व कर्मचारी संघ से कर्मवीर सिवाच, सीआईटीयू से सतबीर कॉमरेड, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से प्रेम गिलोदिया और अग्निशमन विभाग से प्रधान सोनू हुडा शामिल रहे। इसके अलावा पुनीत दरोगा, नरेंद्र दरोगा, बलबीर दरोगा, रामराज दरोगा, गुलशन दरोगा, संजीव दरोगा, रमेश दरोगा, कृष्ण दरोगा, शंकर दरोगा, सिकंदर, सतपाल, सुरेंद्र, मुन्नू, राजेश बागड़ी, भीम, सीताराम दरोगा, राजू दरोगा, योगेश, सुरेंद्र पर्चा और अजीत दरोगा सहित अनेक कर्मचारी इस प्रदर्शन में शामिल हुए।



### महम में दमकल कर्मियों की हड़ताल जारी

*महम स्थित दमकल केंद्र पर चल रही दमकल कर्मचारियों की हड़ताल मंगलवार को 14वें दिन में प्रवेश कर गई। यह हड़ताल पूरे हरियाणा में जारी है, जिसमें कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। आज महम दमकल केंद्र पर राज्य प्रधान राजेंद्र सिणंद पहुंचे और उन्होंने कर्मचारियों के साथ बैठक कर उनकी मांगों और हड़ताल की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी नाराजगी जाहिर की। कर्मचारियों ने मीडिया के माध्यम से अपनी बात रखते हुए सरकार के रवैये को अड़ियल बताया।*

### एमडीयू के पूर्व सहायक रजिस्ट्रार का निधन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक के पूर्व सहायक रजिस्ट्रार धर्मबीर मलिक (77) का सोमवार सायं लगभग 7:05 बजे निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।मंगलवार प्रातः उनके पैतृक गांव खरावड़ में पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें एमडीयू के पूर्व प्रोफेसरों, शिक्षकों, ग्रामीणों, रिश्तेदारों तथा शोकाकुल परिवार के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर उन्हें अंतिम विदाई दी।धर्मबीर मलिक 31 जनवरी 2009 को एमडीयू रोहतक से सहायक रजिस्ट्रार के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके निधन से जो अपूरणीय क्षति हुई है, उसकी भरपाई संभव नहीं है। परिवार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 26 अप्रैल (रविवार) को प्रातः 9 बजे यादराम कॉलोनी, खरावड़ स्थित निवास पर हवन किया जाएगा तथा इसी दिन रस्म पगड़ी का आयोजन भी किया जाएगा।



*पैकिंग की आधुनिक तकनीकों से परिचित करवाना रहा उद्देश्य*

# इंडस स्कूल के विद्यार्थियों ने किया अमूल फैक्ट्री का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इंडस विद्यालय के कक्षा तीसरी से छठी तक के विद्यार्थियों को अमूल फैक्ट्री के शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को दुग्ध उत्पादन व पैकिंग की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना था। फैक्ट्री में विद्यार्थियों ने दूध के संग्रहण, परीक्षण, शुद्धिकरण तथा विभिन्न डेयरी उत्पादों जैसे दूध, मक्खन, पनीर, दही आदि के निर्माण की पूरी प्रक्रिया को नजदीक से देखा। विद्यार्थियों ने गुणवत्ता नियंत्रण व स्वच्छता के बारे में भी जाना। विद्यार्थियों ने प्रबंधक से कई प्रश्न पूछे और अपने ज्ञान की वृद्धि की। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। अंत में, विद्यार्थियों को अमूल के विभिन्न उत्पादों का स्वाद भी चखने को मिला, जिससे उनका उत्साह और बढ़ गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य और अध्यापकगण ने प्रबंधक महोदय का धन्यवाद किया। आज कक्षा दसवी से बारहवीं के विद्यार्थी आईएमटी में अपने व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से जूता निर्माण कंपनी में शैक्षणिक भ्रमण में गए। कारखाने के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार चमड़ा, रबर तथा सिंथेटिक सामग्री जैसे कच्चे माल को तैयार करके उत्पाद में बदला जाता है। साथ ही आधुनिक उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक तथा उपयोगी रहा। इससे वास्तविक जीवन में जोड़ने की जानकारी प्राप्त हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार विशिष्ट ने कारखाना प्रबंधन का सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।



### हाईटेक होगा नेकी राम कॉलेज का ऑडिटोरियम

**रोहतक।** पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। कॉलेज में ऑडिटोरियम को हाईटेक बनाने के लिए नए उपकरण लगाए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को बेहतर अनुभव मिलेगा। ऑडिटोरियम के आधुनिकीकरण के लिए करीब 10 लाख रुपये का बजट तय किया गया है। इस राशि से प्रोजेक्टर, साउंड सिस्टम और अन्य आवश्यक तकनीकी उपकरण खरीदे जाएंगे जिससे ऑडिटोरियम को पूरी तरह आधुनिक स्वरूप दिया जा सके।कॉलेज में आयोजित होने वाले सेमिनार, वर्कशॉप और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए ऑडिटोरियम में 4के लेजर प्रोजेक्टर और आधुनिक साउंड सिस्टम लगेगा।


रोहतक। अपनी मांगों के लिए धरना प्रदर्शन करते ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वैलफेयर एसोसिएशन के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### मांगों को लेकर पेंशनर्स ने किया प्रदर्शन

**रोहतक।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ के आह्वान पर मंगलवार को जोरदार नारेबाजी करते हुए पैंशनर मानसरोवर पार्क में पहुंचे और प्रदर्शन में भाग लिया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान जगपाल सांगवान ने की। मंच संचालन राज्य सचिव रामनिवास सैनी ने किया। धरने की शुरूआत में जगपाल सांगवान ने भारी संख्या में पहुंचे साथियों का धन्यवाद किया तथा कहा कि आज रिटायर्ड पैंशनर की मुख्य मांग 8वें वेतन आयोग का लाभ तमाम पैंशनर को दिया जाना है। लम्बे संघर्षो से हासिल किए गए अधिकारों को सरकार समाप्त करना चाहती है इसलिए पेंशन वित विधेयक को लेकर आई है जिससे पेंशन का अधिकार समाप्त हो जाएगा। रिटायर्ड कर्मचारियों के साथ अन्याय किया जा रहा है। सरकार के इस निर्णय से रिटायर्ड कर्मचारियों में, उनके संगठनों में गहरी चिंता पैदा हो गई है और इसके विरोध में लामबन्दी करके लम्बे, निर्णायक संघर्ष का बिगुल बजा दिया है और ये आन्दोलन देशव्यापी, व्यापक होगा।
धरना प्रदर्शन में शामिल वक्ताओं ने सरकार की जन विरोधी रिटायर विरोधी नीतियों का पर्दाफाश किया।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## शहर में सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल, निगम की लापरवाही उजागर

# 34 लाख के डस्टबिन बदहाल: कहीं गायब, कहीं टूटे

- लोगों ने नगर निगम से स्थिति का निरीक्षण करने और मरम्मत की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लाखों रुपये खर्च कर लगाए गए डस्टबिन अब खुद बदहाली का शिकार हो गए हैं। करीब 34 लाख रुपये की लागत से लगाए गए ये डस्टबिन कई जगहों पर या तो टूटे हुए हैं, कहीं केवल उनके स्टैंड ही बचे हैं, तो कई स्थानों से पूरी तरह गायब हो चुके हैं। इस स्थिति ने न केवल नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था को भी प्रभावित किया है।

### उपयोग के लायक नहीं बचे

शहर के विभिन्न इलाकों में रहने वाले लोगों का कहना है कि शुरुआत में डस्टबिन लगाए जाने से कचरा प्रबंधन में कुछ सुधार देखने को मिला था, लेकिन समय के साथ इनकी देखरेख पूरी तरह से नजरअंदाज कर दी गई। परिणामस्वरूप, आज कई स्थानों पर डस्टबिन टूट-फूट का शिकार हैं और उपयोग के लायक नहीं बचे हैं। वहीं, कई जगहों पर डस्टबिन पूरी तरह गायब हो गए हैं, जिससे लोगों को कचरा खुले में फेंकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासी जसबीर कुमार ने इस मुद्दे पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि डस्टबिनों को इस तरह खराब हालत में ही छोड़ना था, तो इन्हें लगाने की जरूरत ही क्या थी। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से अपील की है कि जहां-जहां डस्टबिन लगाए गए हैं, उनकी स्थिति का निरीक्षण किया जाए और जो डस्टबिन टूट चुके हैं, उन्हें तुरंत ठीक किया जाए या बदला जाए।




### ज्यादातर डस्टबिन हो चुके हैं चोरी

स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि कई डस्टबिन चोरी या उठाकर ले जाए जाने की भी आशंका है, जिसकी जांच की जानी चाहिए। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो लाखों रुपये की यह योजना पूरी तरह विफल साबित हो सकती है। स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए केवल डस्टबिन लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखरेख और निगरानी भी उतनी ही जरूरी है।

### जिम्मेदारी तय करना जरूरी

*नगर निगम को चाहिए कि वह इस दिशा में ठोस कदम उठाए और जिम्मेदारी तय करे, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न उत्पन्न हो। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि डस्टबिनों की स्थिति की व्यापक जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो और शहर में साफ-सफाई की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए, ताकि रोहतक को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।*

